# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VII-2nd Lang. | Department: Hindi | Class work |
|---|---|---|
| पाठ-4 'पानी रे पानी' | Topics: - प्रश्नोत्तर, व्याकरण | PI File in portfolio- |

## अति लघु प्रश्न — संकेत उत्तर -------

1. प्रश्न: 'पानी रे पानी' के लेखक कौन हैं? — उत्तर: अनुपम मिश्र।
2. प्रश्न: लेखक ने धरती को क्या माना है? — उत्तर: एक बड़ी गुल्लक।
3. प्रश्न: पानी कहाँ जमा होता है? — उत्तर: धरती रूपी गुल्लक में।
4. प्रश्न: तालाबों को क्या समझा जाता था? — उत्तर: समाज की साझा संपत्ति।
5. प्रश्न: तालाबों की जगह क्या बन गए हैं? — उत्तर: मकान, बाजार, और स्टेडियम।
6. प्रश्न: गर्मी में नल कैसे हो जाते हैं? — उत्तर: सूख जाते हैं।
7. प्रश्न: बस्तियाँ क्यों डूबती हैं? — उत्तर: पानी की निकासी रुकने के कारण।
8. प्रश्न: नल में क्या लगाया जाता है? — उत्तर: पानी खींचने वाली मोटर।
9. प्रश्न: मोटर लगाने को क्या कहा गया है? — उत्तर: पड़ोसी का हक छीनना।
10. प्रश्न: जल संकट का समाधान क्या है? — उत्तर: वर्षा जल संचयन और तालाबों का संरक्षण।

## लघु प्रश्न

**प्रश्न 1- जीवन में गुल्लक की क्या उपयोगिता होती है?**

उत्तर: जीवन में गुल्लक अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे बुरे समय में बहुत काम आती है। जिस समय हमें आर्थिक परेशानी होती है, उस समय गुल्लक में जमा किए गए पैसे 'रामबाण' का काम करते हैं और हमारी ज़रूरतों को पूरा करते हैं।

**प्रश्न 2-पाठ में पानी को रुपयों से भी कई गुना मूल्यवान क्यों बताया गया है?**

उत्तर:- **'पानी रे पानी'** पाठ में पानी को रुपये से भी कई गुना मूल्यवान बताया गया है क्योंकि पानी जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। पानी के बिना जीवन असंभव है, जबकि रुपये की अनुपस्थिति में भी जीवन चल सकता है।

**प्रश्न 3- बरसात के मौसम में पानी कहाँ-कहाँ भर जाता है?**

उत्तर- बरसात के मौसम में पानी हमारे आस-पास के तालाबों, झीलों, हमारे घरों के आस-पास की सड़कों, निचली बस्तियों और यहाँ तक कि रेल की पटरियों तक में भर जाता है।

**प्रश्न 4- बाढ़ आने पर जन-जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

उत्तर- बाढ़ आने पर जन-जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है; लोगों के घरों में पानी घुस जाता है, यातायात ठप हो जाता है, स्कूल-दफ्तर बंद हो जाते हैं और दैनिक कामकाज पूरी तरह रुक जाता है।

**प्रश्न 5- मानव समाज को किस गलती की सज़ा मिल रही है?**

उत्तर: मनुष्यों ने अधिक ज़मीन के लालच में विभिन्न जल-स्रोतों, झीलों, तालाबों आदि को कचरे से पाटकर, भरकर समतल बना दिया, जिससे भूजल संरक्षण बुरी तरह से प्रभावित हुआ। इसी गलती की सज़ा मानव समाज को मिल रही है।

## दीर्घ प्रश्न

**प्रश्न 1- जल-संकट मानव जीवन को कैसे प्रभावित करता है?**

उत्तर:- जल हमारे जीवन का आधार तत्व है। इंसानों और पशु-पक्षियों को पीने के लिए साफ़ पानी नहीं मिलता, जिससे लोग बीमार होने लगते हैं। पानी न होने से फसलें सूख जाती हैं, जिससे अनाज पैदा नहीं होता और भुखमरी की स्थिति पैदा हो जाती है। नहाने, कपड़े धोने और खाना बनाने जैसे रोज़मर्रा के कामों के लिए लोगों को मीलों दूर भटकना पड़ता है। साफ़ पानी न मिलने के कारण लोग दूषित पानी पीने को मजबूर होते हैं, जिससे हैजा और टाइफाइड जैसी बीमारियाँ फैलती हैं।

**प्रश्न 2- बाढ़ के कारण हमें किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है?**

उत्तर:- बाढ़ के तेज़ बहाव में इंसान, मवेशी और गाड़ियां बह जाती हैं, जिससे भारी जान-माल की हानि होती है। लोगों के कच्चे और पक्के मकान टूट जाते हैं, जिससे वे बेघर होकर खुले आसमान या राहत शिविरों में रहने को मजबूर होते हैं। खेतों में महीनों की मेहनत से उगाई गई फसलें पानी में डूबकर पूरी तरह सड़ और नष्ट हो जाती हैं। .

बाढ़ का पानी उतरने के बाद हर तरफ गंदगी जमा हो जाती है, जिससे मलेरिया, डेंगू और डायरिया जैसी महामारियां तेज़ी से फैलती हैं।

**प्रश्न 3- जल-संरक्षण के लिए आप किस-किस तरह से योगदान दे सकते हैं? लिखिए।**

उत्तर: जल-संरक्षण के लिए हम प्राकृतिक एवं कृत्रिम सभी प्रकार के जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का प्रयास करेंगे। पुराने व नए तालाबों, झीलों आदि को खुदवाएँगे, घरों में 'वर्षा जल संचय' (Rainwater Harvesting) का उपाय करेंगे। साथ ही अपने दैनिक कार्यों में सीमित मात्रा में जल का उपयोग करेंगे और दूसरों को भी इस दिशा में प्रेरित करेंगे ताकि जल-संरक्षण हो सके।

## व्याकरण-

प्रश्न-1 दिए गए उपसर्गों के दो-दो शब्द लिखिए|

**1- अध-** अध + खिला = अधखिला , अध + जला = अधजला

**2- उन-** उन + सठ = उनसठ , उन + तीस = उनतीस

**3- पर** → पर + लोक = परलोक , पर + उपकार = परोपकार

**4- खुश** → खुश + नसीब = खुशनसीब , खुश + बू = खुशबू

**5- बे** → बे + खबर = बेखबर , बे + वक्त = बेवक्त

6- **कम**- → कम + उम्र = कमउम्र , कम + अक्ल = कमअक्ल

7- **अन्-** → अन् + आस्था = अनास्था , अन् + आदर = अनादर

8- **पुनर्-** → पुनर + जन्म = पुनर्जन्म , पुनर + मिलन = पुनर्मिलन

9- **अ -** → अ + काल = अकाल , अ + संतुलित = असंतुलित

प्रश्न-2 दिए गए प्रत्ययों के दो-दो शब्द लिखिए|

1- **आवट** → बन + आवट = बनावट , सज + आवट = सजावट

2- **इक** → वास्तव + इक = वास्तविक , प्रकृति + इक = प्राकृतिक

3- **ई** → बरसात + ई = बरसाती , कीमत + ई = कीमती

4- **आहट** → चिकना + आहट = चिकनाहट , कड़वा + आहट = कड़वाहट

5- **पन** → अपना + पन = अपनापन , पागल + पन = पागलपन

6- **आऊ** → बिकना + आऊ = बिकाऊ , कमाना + आऊ = कमाऊ

7- **मान** → शोभा + मान = शोभामान , बुद्धि + मान = बुद्धिमान

8- **हार** → होन + हार = होनहार , पालन + हार = पालनहार

9- **दान** → रोशन + दान = रोशनदान , नेत्र + दान = नेत्रदान

**प्रश्न 3- निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के अर्थ लिखिए।**

1. **पानी →** जल (Water), सम्मान/इज्जत (Respect)
2. **पाठ →** अध्याय/सबक (Lesson), पढ़ने की क्रिया (Reading)
3. **भाग →** हिस्सा/टुकड़ा (Part), भाग्य/किस्मत (Luck)
4. **चक्कर→** चक्कर आना/भ्रम (Dizziness), पहिया/वृत्ताकार गति (Rotation)
5. **डाल →** पेड़ की शाखा (Branch), डालना/फेंकना (To Pour/Throw)
6. **जल →** पानी (Water), जलना/ईर्ष्या होना (To Burn/Jealousy)
7. **पर →** पंख (Feather), लेकिन/परन्तु (But)

**प्रश्न 4- निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।**

1. **जिसका जन्म नहीं होता** — अजन्मा
2. **काम करने का स्थान** — कार्यस्थल / कर्मभूमि
3. **शिक्षा प्राप्त करने का स्थान** — विद्यालय / शिक्षालय
4. **जो व्यर्थ का व्यय (खर्च) करता हो** — अपव्ययी
5. **जिसका निवारण न हो सके** — अनिवार्य / अनिवार्यत:
6. **जानने की इच्छा** — जिज्ञासा
7. **धरती व आकाश के बीच का स्थान** — अंतरिक्ष

..........................................